# छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के पत्राचार पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की पात्रता

बोर्ड के हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम में निम्नानुसार पात्रता होने पर ही छात्र–छात्राएं प्रवेश ले सकते हैं:–

## हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम

पात्रता:–

1. हाईस्कूल परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी को उर्दू भाषा का प्रारंभिक ज्ञान होना आवश्यक है।
2. (अ) दो वर्ष या उससे पूर्व आठवीं/पूर्व माध्यमिक प्रमाण–पत्र/प्रारंभिक शिक्षा/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण छात्र–छात्राएं (इन्हें आयु का बंधन नहीं है) आठवीं उत्तीर्ण अंकसूची संलग्न करें।
3. 

   (ब) ऐसे छात्र–छात्राएं जो कि आवेदित माह की 30 तारीख़ को 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेते हैं उन्हें बोर्ड के हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम में सम्मिलित होने की पात्रता होगी। आयु के प्रमाण हेतु मूल शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।

   नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत अथवा ग्राम पंचायत इत्यादि द्वारा प्रदत्त जन्म प्रमाण–पत्र अथवा प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक प्रमाण–पत्र परीक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची की सत्यापित प्रति अथवा आयु के प्रमाण हेतु मूल शपथ–पत्र ।

अवसर :–हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिये दो वर्षों की समयावधि में लगातार चार अवसर प्रदान किया जावेगा।

**शुल्क विवरण :– हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा– प्रथम अवसर**

| क्र. | विवरण | हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा प्रथम अवसर–शुल्क विवरण | |
|---|---|---|---|
| | | छ.ग.प्रदेश के छात्र– छात्राएं | छ.ग.प्रदेश के बाहर के छात्र– छात्राएं |
| 1. | आवेदन–पत्र का मूल्य | 50=00 | 50=00 |
| 2. | शिक्षण शुल्क | 500=00 | 500=00 |
| 3. | परीक्षा शुल्क | 100=00 | 100=00 |
| 4. | अंकसूची शुल्क | 50=00 | 50=00 |
| 5. | प्रायोगिक शुल्क | 50=00 | 50=00 |
| 6. | पंजीयन शुल्क | 100=00 | 100=00 |
| 7. | अग्रेषण शुल्क | 50=00 | 50=00 |
| 8. | ग्राहयता | – | 100=00 |
| 9. | माइग्रेशन प्रमाण–पत्र शुल्क | 50=00 | 50=00 |
| | **योग** | **950=00** | **1050=00** |